महत्वपूर्ण एवं खास

धड़ल्ले से जारी है इमारती लकड़ियों की तस्करी

रायगढ़/धरमजयगढ़/कापू। धरमजयगढ़ वन मंडल के कापू वनपरिक्षेत्र अंतर्गत कुमरता गाँव के करीलबहार जंगल में इमारती पेड़ो को तस्कर बेख़ौफ़ हो कर दिन दहाड़े काट रहे हैं और विभाग को इसकी शायद भनक तक नहीं है या फिर यूँ कहें सब कुछ जानते हुए विभाग चुप्पी साधी हुई है नतीजन तस्करों के हौसले इतने बुलंद है की सड़क के किनारे पेड़ो की कटाई करने में गुरेज नहीं कर रहे हैं। सड़क से महज 200 मीटर अंदर जंगल में दिन दहाड़े पेड़ों की कटाई जोरों पर है. बाकायदा लकड़ी चोर जंगल में बेख़ौफ़ होकर आरा लगाकर लकड़ी चीरने में मस्त हैं.जो वन विभाग के अधिकारी व् कर्मचारी की मिली भगत की बात को काफी जोर देता है।

इस पूरे मामले में कुमरता गांव के ग्रामीण मुकेश डनसेना और राधेश्याम डनसेना द्वारा जंगल में पेड़ काटने की सुचना विभाग में दिए इस पर वन कर्मियों द्वारा तत्काल एक्शन नहीं लिया गया बाद में ग्रामीणों द्वारा ज्यादा जोर देने पर वन अमला मौके पर पहुंचा और कटी हुई पेड़ एवं लकड़ी चिरान आरा को कब्जे में लेते हुए एक तस्कर दलवीर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया फिलहाल लकड़ी तस्कर दलवीर पर विभाग 2000 रुपए का आर्थिक दण्ड लगाकर छोड़ दी जबकि मौके पर और 04 तस्कर थे जो लकड़ी काटते मौके पर पाये गए और उनका विजुअल वीडियो भी ग्रामीणों द्वारा बनाया गया है. फिर भी वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी एक के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर महज़ खानापूर्ति कर बाकी 4 और लकड़ी तस्करों को मजदुर बता कर छोड़ दिए ,वन विभाग का लकड़ी तस्करों पर इस तरह का नज़रे करम साफतौर पे कहीं न कहीं तस्कर और विभाग की मिलीभगत को साबित करता है।

वन रक्षक ही जब भक्षक बन जाए तो फिर वनो की रक्षा आखिर करेगा कौन ? वनो की सुरक्षा की उम्मीद किस्से करें, ऐसे में कैसे होगी वनो की रक्षा ,ये बहुत दयनीय और गंभीर चिंता का विषय है.

प्रिंटिंग प्रेस संचालकों की बैठक 10 सितम्बर को

रायगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शम्मी आबिदी 10 सितम्बर को पूर्वान्ह 11.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के समस्त प्रिटिंग प्रेस संचालकों की बैठक लेंगे। ज्ञातव्य है कि आगामी विधानसभा निर्वाचन-2018 के दौरान निर्वाचन लडने् वाले प्रत्याशियों एवं पंजीकृत पार्टी द्वारा प्रिटिंग प्रेस के माध्यम से प्रचार-प्रसार किए जायेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों को भलीभांति अवगत कराने एवं दिशा-निर्देश प्रदान करने के संबंध में चर्चा की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ ने समस्त एसडीएम को अपने क्षेत्र के प्रिटिंग प्रेस संचालकों को अनिवार्य रूप से नियत तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थिति होने हेतु कहा है।

पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया के समक्ष बरपाली के 26 युवाओं ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

रायगढ़। भाजपा के नीति और सिद्धांतों से प्रभावित होकर बरपाली गांव के 26 युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है । पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया ने इन युवाओं का अभिनंदन करते हुए उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई है। गांव के

युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी को देश का सर्वश्रेष्ठ राजनीतिक दल बताते हुए उनके द्वारा देश हित में लिए गए निर्णय से प्रभावित होना तथा भाजपा के साथ होकर देश और समाज के लिए काम करने की इच्छा जताई है। युवाओं के निर्णय के बाद पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया ने बरपाली के 26 युवाओं का फूल माला से स्वागत करते हुए भाजपा में शामिल कराया। पूर्व मंत्री के हाथ सदस्यता ग्रहण करने के बाद युवा काफी खुश नजर आए।

क्या समय पर पुलिस ने कार्यवाही की होती तो ननसिया काण्ड नहीं होता ?

कुल्हाड़ी से जान से मारने के प्रयास सम्बंधी मामले में कार्यवाही नहीं होने से पीड़िता ने की पुलिस अधीक्षक से शिकायत

ननसिया मामले का सच शपथ-पत्र के माध्यम से जाहिर

जूटमिल चौकी की कार्यवाही पर सवाल

महिला एसआई ने ससुर को मारा थप्पड़, सास का कान उमेठा कोई कार्यवाही नहीं - पुष्पांजली

फॉलोअप न्यायसाक्षी ने पूर्व में भी उठाया था यह प्रकरण...

घर में घुसकर मृत्यु कारित करने के प्रयास सम्बंधी हमले की शिकायत के बाद भी नहीं मिल रहा है न्याय

ननसिया प्रकरण में पीड़ितों को परेशान करने व 457, 307, 34 के कथित आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किए जाने को लेकर वर्दे में है - जूटमिल पुलिस थाना

टांगी के घातक हमले से आहत महिला दस दिन से अस्पताल में इलाजरत

खुले घूम रहे हैं अपराधी और पीड़ित के परिवार को कर रहे हैं परेशान

न्यायसाक्षी समाचार। पीड़िता का पति मनोहर

क्या है मामला

पीड़िता चाहती है कि आरोपियों को मिले सजा

वारदात का दिनांक-समय-स्थान :-

दिनांक 08/08/2018, शाम 6.00 बजे, ग्राम ननसिया, रायगढ़, ज्यूरिसडिक्शन थाना जूटमिल चौकी

न्यायसाक्षी/रायगढ़।

यदि जूटमिल पुलिस समय रहते कार्यवाही कर देती ये घटना नहीं होती, ना ही मुझे 21 दिन अस्पताल में रहना पड़ता, ये कहना है ननसिया काण्ड की पीड़िता पुष्पांजली महंत का। बेहद मुश्किल से घायलावस्था में वो रायगढ़ पुलिस अधीक्षक से मिलकर अपना शिकायत आवेदन शपथपत्र के साथ देने, अपने पति मनोहर एवं परिवार की सहायता से आई थीं। पुष्पांजली ने न्यायसाक्षी से पूरी घटना के बारे में बताया और कहा कि आज तक अपराधी खुले घूम रहे हैं, पता नहीं मैं वापस घर जाऊंगी तो बचूंगी कि नहीं, क्योंकि वे फिर से हमला कर सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक को दिए अपने आवेदन मय शपथपत्र में प्रकरण की आहता पुष्पांजली ने कहा, कि मैं, पुष्पांजली महंत जौ.जे. मनोहरदास महंत, उम्र 32 वर्ष लगभग, निवासी ग्राम ननसिहा, पो0 पटेलपाली, थाना जूटमिल चौकी, तहसील रायगढ़, जिला रायगढ़, छ.ग., मो.नं. 78697XXXXX उक्त संदर्भित एवं विषयांकित निम्नलिखित कथन करती हूं। कहा कि, मैं ग्राम ननसिहा में रहती हूं, गृहकार्य करती हूं, मेरे पति मनोहर एवं उनके भाई शिवचरण को शासन की योजना इंदिरा आवास हेतु मकान बनाए जाने बाबत् रकम प्राप्त हुई थीं। जिसके सापेक्ष में हम मिलकर आवास बनवा रहे हैं। घटना दिनॉक 08/08/2018 को भी गृह-निर्माण हेतु कार्य चल रहा था, हमारे घर में कार्तिक राम, राजू महंत, घासीदास महंत एवं भूगदेव पाव उक्त गृह-निर्माण कार्य में लगे हुए थें।

अपने आवेदन में कहा कि, सुबह-सुबह लगभग 8 बजे के करीब हमारे बाजू में रहने वाले सागरदास महंत बिजली तार की हुकिंग करने हेतु हमारे घर के उपर चढा था, जिसे मेरे ससुर सुफलदास ने मना किया, यह कहकर कि, बरसात का समय है, दीवाल गीली है, यदि वायर गिर गया तो, करेंट सब तरफ फैल जाएगा, दुर्घटना हो जाएगी। जिसपर, सागरदास ने कहा कि मैं नहीं निकालूंगा, जो करना है, कर लो, जिसके बाद सागरदास का छोटा भाई हेमलाल के परिवार वाले, जिसमें हेमलाल, उसकी



भारतीय गैर न्यायिक
दस रुपये रु.10
TEN RUPEES Rs.10
INDIA
INDIA NON JUDICIAL
MUKUL JHA NOTARY District Raipur
CHHATTISGARH
18AA 565995
समक्ष नोटरी
शपथ-पत्र
मैं पुष्पांजली महंत जौ0जे0 मनोहरदास महंत, उम्र 32 वर्ष लगभग, निवासी ग्राम ननसिहा, पो0 पटेलपाली, थाना जूटमिल चौकी, तहसील रायगढ़, जिला रायगढ़, छ0ग0, मो0नं0 7869731744 उक्त संदर्भित एवं विषयांकित निम्नलिखित कथन करती हूं :-
1/ यह कि, मैं ग्राम ननसिहा में रहती हूं , गृहकार्य करती हूं , मेरे पति मनोहर एवं उनके भाई शिवचरण को शासन की योजना इंदिरा आवास हेतु मकान बनाए जाने बाबत रकम प्राप्त हुई थीं। जिसके सापेक्ष में हम मिलकर आवास बनवा रहे हैं।
2/ यह कि, घटना दिनॉक 08/08/2018 को भी गृह-निर्माण हेतु कार्य चल रहा था, हमारे घर में कार्तिक राम, राजू महंत, घासीदास महंत एवं भूगदेव पाव उक्त गृह-निर्माण कार्य में लगे हुए थें।
3/ यह कि, सुबह-सुबह लगभग 8 बजे के करीब हमारे बाजू में रहने वाले सागरदास महंत बिजली तार की हुकिंग करने हेतु हमारे घर के उपर चढा था, जिसे मेरे ससुर सुफलदास ने मना किया, यह कहकर कि, बरसात का समय है, दीवाल गीली है, यदि वायर गिर गया तो, करेंट सब तरफ फैल जाएगा, दुर्घटना हो जाएगी।
4/ यह कि, जिसपर, सागरदास ने कहा कि मैं नहीं निकालूँगा, जो करना है, कर लो, जिसके बाद सागरदास का छोटा भाई हेमलाल के परिवार वाले, जिसमें हेमलाल, उसकी पत्नी रथकुंवर, छोटी बेटी रितु महंत, बेटा केशव महंत और उसकी माता गौरीबाई शामिल हैं, सब मिलकर हमारे घर के दरवाजे पर आ गए और गाली-गलौज करने लगे। हाथ में ईंटा पकड़े थें, जिससे मार देने की धमकी देने लगे। कहा कि, उक्त घटना की रिपोर्ट करने के लिए मेरे पति मनोहर, जूटमिल चौकी गए थे, जहां उनकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई, आकर बताए कि, पुलिस वाले 11 बजे आना कहकर भगा दिए, तो वो वापस आ गए।
5/ यह कि, उक्त घटना की रिपोर्ट करने के लिए मेरे पति मनोहर, जूटमिल चौकी गए थे, जहाँ उनकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई, आकर बताए कि, पुलिस वाले 11.00 बजे आना कहकर भगा दिए, तो वो वापस आ गए। अनहोनी की आशंका के तहत् हम सब, दोपहर 2.30 बजे करीब जिनमें मैं स्वयं, मेरे पति मनोहर, ससुर सुफलदास, एवं सास बेदमति के साथ जूटमिल चौकी गए, जहां, एक सादे कागज में पुलिस ने लिख लिया, लेकिन कोई पावती नहीं दी, ना ही पुलिस वाले जांच के लिए गॉव गए।
MUKUL JHA NOTARY District Raipur C.C.-5/10/Raipur 9/07/18
NOTARY MUKUL JHA GOVT. OF CHHATTISGARH

पत्नी रथकुंवर, छोटी बेटी रितु महंत, बेटा केशव महंत और उसकी माता गौरीबाई शामिल हैं, सब मिलकर हमारे घर के दरवाजे पर आ गए और गाली-गलौज करने लगे। हाथ में ईटा पकड़े थें, जिससे मार देने की धमकी देने लगे। कहा कि, उक्त घटना की रिपोर्ट करने के लिए मेरे पति मनोहर, जूटमिल चौकी गए थे, जहां उनकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई, आकर बताए कि, पुलिस वाले 11 बजे आना कहकर भगा दिए, तो वो वापस आ गए।

पूर्व से थी अनहोनी का आशंका

अनहोनी की आशंका के तहत्, हम सब, दोपहर 2.30 बजे करीब जिनमें मैं स्वयं, मेरे पति मनोहर, ससुर सुफलदास, एवं सास बेदमति के साथ जूटमिल चौकी गए, जहां, एक सादे कागज में पुलिस ने लिख लिया, लेकिन कोई पावती नहीं दी, ना ही पुलिस वाले जांच के लिए गॉव गए। कहा कि, उसी दिनांक 08/08/2018 को शाम को 6.00 बजे करीब, हेमलाल स्वयं, उसकी पत्नी रथकुंवर, पुत्र केशव महंत, पुत्री सधुनी, पुत्री रितु, अपने दामाद एवं उसके 3 साथी (जो रायगढ़ से बुलाए गए गुण्डे थें) घर में घुसकर मुझे, मेरे पति मनोहर को, सास बेदमति को मार-पीट करना शुरु कर दिए। मेरी बिटिया लता महंत को भी मारे। उस समय घर पर कार्तिकराम, राजू महंत, घसिया महंत एवं भुगदेव पाव भी मौजूद थें, और साथ में, शंकरदास महंत (17 वर्ष), लता महंत (11 वर्ष), चेतन महंत (7 वर्ष) भी थे। उस समय घर पर मेरे ससुर सुफलदास नहीं थें, पानी लेने गए थें।

अपने आवेदन में कहा कि, सबने मिलकर बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन वे सब लोग डण्डा, कुल्हाड़ी लेकर आए थें, और गृह-निर्माण का काम चल रहा था, जिससे गैती, फावड़ा उठा लिए थें, जिससे सब को डर हो गया था। केशव महंत ने मेरे पति मनोहर को कुल्हाड़ी से मारने का प्रयास किया, जिसे रोकने के लिए मैं स्वयं गई तो, केशव ने हाथ में लिए कुल्हाड़ी से, मेरे सिर पर, मार दिया, बहुत खून बहने लगा, सिर फट गया था, मैं, बाहर बचाओ-बचाओ बोलकर भागने की कोशिश करने लगी तो, मुझे हेमलाल ने ईट से कमर में मारा, तब मैं गिर गई थीं। कहा कि, वो सब लोग मिलकर मार-पीट कर रहे थें, मैं थोड़ा-थोड़ा होश में थीं, तभी मुझको घायल देखकर शिवचरण, घर

पुष्पांजलि

के बाहर मदद के लिए भागा, जिसपर हमलावर लोगों ने कहा कि गॉव वाले क्या कर लेंगें, कहॉ है सुफलदास, सबको जान से मार देंगें, जैसे पुष्पांजली को मारे हैं, तब तक गॉव वाले आ गए, जिनमें से कुछ लोगों ने ये देखा-सुना है।

अपने आवेदन में कहा कि, पुलिस को शिवचरण ने फोन ने किया, तब तक मेरे ससुर सुफलदास भी आ गए, पुलिस ने फोन नहीं उठाया, तो गॉव को गौटिया नवीन पटेल ने फोन किया, जिसपर पुलिस आई, मुझसे पूछताझ किए, मैंने बताया कि केशव महंत ने मारा, इसके बाद, सोनू महंत को बोले कि, इसको काफी चोट लगी है, हास्पिटल ले जाओं और एडमिट कराओं। जिसपर सोनू महंत एवं शिवचरण, मुझको अस्पताल लेकर गए। मुझे जानकारी है कि, केशव महंत एवं हेमलाल के दामाद को पुलिस ने बैठाया था। मुझे यह भी जानकारी है कि, पुलिस ने उक्त सम्बंध में कोई कार्यवाही नहीं की,, क्योंकि कुछ 2-3 घंटे बाद पुलिस ने केशव महंत एवं हेमलाल के दामाद को छोड़ दिया।

महिला एसआई ने पीड़िता के ससुर एवं सास को मारा - क्या होगी इस पर कार्यवाही?

अपने आवेदन में कहा कि, मेरे पति मनोहर, मेरे ससुर सुफलदास, एवं सास बेदमति जूटमिल थाना गए थे, जहां कि, केवल मेरे पति मनोहर का बयान हुआ, थाना में जब वे लोग पूरी बात बताने लगे तो, मेरे ससुर को एक महिला एसआई ने थप्पड़ मारा था, और चूंकि सास बेदमति भी घटना बताने के लिए प्रेरित थीं, अतः उसका कान भी उसी महिला एसआई ने मरोड़ दिया, जिसे मैं पहचान सकती हूँ, क्योंकि वही महिला एसआई जब मैं अस्पताल में एडमिट थीं, तब देखने आई थीं, और कह रही थीं, कि दीवाल से टकराई होगी, या पत्थर के उपर गिरी होगी, तभी लगी है, साधारण चोट है, तब भी मैंने कहा कि, केशव महंत ने मुझको कुल्हाड़ी से सिर पर मारा है। लेकिन वो महिला एसआई नहीं मानी। इससे लगता है कि पुलिस केशव महंत एवं अन्य को बचाने का प्रयास कर रही है, क्योंकि तब से लेकर आज दिनांक तक सभी हमलावार गॉव में ही हैं, और घूम रहे हैं।

अपने आवेदन में कहा कि, कहा कि, पुलिस ने आज दिनॉक तक ना तो किसी को गिरफ्तार किया है, और नाही किसी का बयान लिया है। यहॉ तक कि उस कुल्हाड़ी को भी पुलिस ने जप्त नहीं किया है, जिससे सिर में मारकर मुझको घायल किया गया था, वह कुल्हाड़ी आज भी, घर में मेरे पास है, जिसको मांगने कि लिए हमलावार प्रयासरत् हैं। यदि गॉव में जाकर पुलिस सभी से बयान लेगी तो घटना का पूरा सच सामने आ जाएगा।

ये हालात हैं पीड़िता के

अपने आवेदन में कहा कि, मैं, दिनांक 08/08/2018 से 29/08/2018 तक जिला अस्पताल रायगढ़ में एडमिट थीं। अभी-भी मैं ठीक से नहीं चल पा रही हूँ, खाना नहीं खा पा रही हूँ , पानी पीने से भी उल्टी हो जा रही है, लगातार चक्क र आ रहा है, हमारे पास इतनी रकम भी नहीं है कि मेरा किसी अच्छे अस्पताल में ईलाज कराया जा सके।

कई लोगों ने दिया है शपथ-पत्रीय बयान

पीड़ित पक्ष ने बताया कि घटना को देखने वाले समस्त व्यक्ति यों ने समक्ष नोटरी शपथ-पत्र के माध्यम से बयान दिया है, जिसकी कॉपी हमारे पास है, जॉच के समय प्रस्तुत की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक से क्या चाहती है पीड़िता ?

मेरा आपसे निवेदन है कि मैं पीड़ित हूं और बहुत परेशान हूं, मैं यह आवेदन मय शपथ-पत्र आपके समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ। इस पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही कराया जाकर न्याय दिलाए जाने की कृपा की जावे।

अब तक क्या हुई है कार्यवाही ?

जूटमिल चौकी द्वारा दोनो पक्षो के विरूद्ध काउंटर केस दर्ज किया है। दोनो पक्षो पर भा.दं.वि. की धारा 294,323,506, एवं 34 दर्ज किया है, जबकि पीड़ित पक्ष का कहना है कि 9 लोग उनके घर में घुसे थे और मृत्यु कारित करने सम्बंधी हमला किए, पीड़िता लम्बे समय तक अस्पताल में रही, जिससे सम्बंधित धारा नहीं लगाई गई, वैसे भी घर में घुसकर मारे जाने की स्थिति में बीच-बचाव किया जाना, विधितः स्वीकार्य है, फिर काउंटर केस कैसा? जाहिर है, जूटमिल पुलिस सही जांच नहीं कर रही।

कैरियर स्कूल में शिक्षक दिवस उत्साह से मनाया गया

रायगढ़। शिक्षक दिवस पर लॉयनेस क्लब रायगढ़ दिव्यउर्जा द्वारा श्रीराम कालोनी, रायगढ़ में स्थित कैरियर स्कूल में शिक्षक दिवस बहुत ही उत्साहपूर्ण तरीके से मनाया गया। सर्वप्रथम पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर तिलक कर दीप प्रज्वलन लॉ प्रोफेसर सीबी वर्मा, अध्यक्ष लॉ अनीता कपूर, उप प्राचार्य रजनी राखुन्डे, पूनम द्विवेदी, अंजू बंसल द्वारा किया गया.

उपरांत सभी शिक्षको व क्लब सदस्यों द्वारा पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर टीका किया गया. लॉयनेस क्लब अध्यक्ष अनीता कपूर द्वारा क्लब की तरफ से शिक्षको के सम्मान हेतु स्वागत भाषण दिया गया.

शिक्षक हमारे मार्गदर्शक हैं, राष्ट्र के नवनिर्माण के लिए सतत शिक्षा का दीप जलाकर अज्ञानता के अंधकार को दूर कर छात्र के जीवन को आलोकित करने वाले सभी शिक्षको को शुभकामनाये दी और प्रोफेसर सीबी वर्मा का सम्मान श्रीफल, पेन डायरी से किया गया. सभी शिक्षकों को तिलक लगाकर पेन डायरी से सम्मान किया गया.

लॉयनेस अनीता कपूर द्वारा क्लब के सदस्यों को प्रोत्साहित करने हेतु सम्मान किया गया. अंजू बंसल, पूनम द्विवेदी, डॉ प्रियंका सक्सेना, मीरा पासवान, सुमिता पांडेय, लक्ष्मी अग्रवाल, मंजुला त्रिपाठी, का सराहनीय योगदान रहा. सभी स्कूली छात्र छात्राओं ने भी शिक्षक दिवस कार्यक्रम में उत्साह

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की

खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931